**दिनांक 12.06.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में जहानाबाद जिलान्तर्गत कॉको प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य से प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थिति:-

(i) **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - सदस्य
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - जहानाबाद जिलान्तर्गत कॉको प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग (विद्युत कार्य सहित) | - ₹12,51,23,179/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1053(नि0) अनु0 दिनांक-12.07.2025) (असैनिक कार्य) एवं (मुख्य विद्युत अभियंता के पत्रांक-732(वि0) अनु0 दिनांक-01.07.2025) (विद्युत कार्य)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 9,87,15,167/- (असैनिक कार्य), ₹2,22,56,089/- (विद्युत कार्य)। |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 12,09,71,256/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-025142(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-27.02.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 25.02.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 17.03.2026 / 20.03.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 06.04.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 07.04.2026 |

11 निविदादाता का नाम एवं पता -

(1) मे0 मॉ कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I, BCD)।
(2) देव कुमार, कुरकुरी, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 75015, Class-I, BMSICL)।
(3) मे0 मॉ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गॉधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I, BCD)।
(4) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड को0, आनन्दपुरा, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I, BCD)।
(5) मे0 श्रेयस इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-I, BCD)।

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक-22.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इस निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं सभी निविदाकार से निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति/असहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण दर्ज आपत्ति/परिवाद पर विचार किये बिना ही आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया था।

<u>द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक-24.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इस निविदा में त्रुटि पूर्ण होने के कारण तकनीकी बीड का मूल्यांकन न करते हुए आमंत्रित निविदा को रद्द करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ संशोधित निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

<u>तृतीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक 28.04.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे (1) मे0 माँ कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I , BCD) (2) देव कुमार, कुरकुरी, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 75015, Class-I, BMSICL) (3) मे0 माँ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गाँधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I, BCD) (4) मे0 श्रेयस इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-I , BCD) को सफल एवं (5) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड को0, आनन्दपुरा, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I , BCD) को असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया था।

दिनांक 05.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही बैठक के आलोक में ई-मेल के माध्यम से परिवादी विकाश कुमार, नन्द गाँव, शास्त्री नगर, पटना (इस निविदा में निविदाकार नहीं हैं) के पत्रांक-शून्य दिनांक-02.05.2026 को परिवाद उपलब्ध कराया गया था। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही बैठक में निर्धारित तिथि तक परिवादी द्वारा कोई भी साक्ष्य, मूल में शपथ-पत्र एवं पहचान पत्र नहीं उपलब्ध होने के कारण तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवादी के परिवाद को अमान्य किया गया एवं (1) मे0 माँ कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I , BCD) (2) देव कुमार, कुरकुरी, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 75015, Class-I, BMSICL) (3) मे0 माँ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गाँधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I, BCD) (4) मे0 श्रेयस इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-I , BCD) को सफल एवं (5) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड को0, आनन्दपुरा, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I , BCD) को असफल घोषित किया गया था।

पुनः दिनांक-11.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 माँ कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I , BCD) (2) देव कुमार, कुरकुरी, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 75015, Class-I, BMSICL) (3) मे0 श्रेयस इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-I , BCD) को सफल एवं (4) मे0 माँ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गाँधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I, BCD) (5) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड को0, आनन्दपुरा, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I , BCD) को असफल घोषित किया गया। साथ ही दिनांक-05.05.2026 को प्राप्त परिवाद का निस्तार करते हुए तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र का सत्यापन कराया गया, जो सही पाया गया है, तद्रोपरांत वित्तीय बीड खोलकर कर कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, जहानाबाद के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत् हैः-

| क्र0 सं0 | संविदक का नाम | निविदा की राशि | उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से) | उद्धृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मे0 माँ कामाख्या कंसट्रक्सन को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I, BCD) | ₹12,09,71,256/- | 15.21 % कम | ₹ 10,25,71,528/- |
| 2 | देव कुमार, कुरकुरी, फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 75015, Class-I, BMSICL) | | 6.99 % कम | ₹ 11,25,15,365/- |
| 3 | मे0 श्रेयस इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-1, BCD) | | 15.01 % कम | ₹ 10,28,13,470/- |

उपर्युक्त विवरणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए न्यूनतम वैध निविदाकार मे0 माँ कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I, BCD) है।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार "मे0 माँ कामाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I, BCD)" को परिमाण-विपत्र की दर से 15.21 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹10,25,71,528/- (दस करोड़ पचीस लाख एकहत्तर हजार पाँच सौ अठाईस रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने एवं स्वीकृत्यादेश निर्गत करने हेतु मुख्य अभियंता (द0) को प्राधिकृत करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

13 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

जहानाबाद जिलान्तर्गत कॉको प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन के निर्माण कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक-14.05.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|---|
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (मनोज कुमार सिंह) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (प्रणव कुमार) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त -सह- विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-68/2025 1512S पटना/दिनांक 12/06/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियंता (द0)।

E/Vikash FP 2/2026 157